हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 20 दिसंबर, 2023

तापमान
अधिकतम 22.3 डिग्री
न्यूनतम 6.6 डिग्री


11 अक्षत कलश यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत


12 किलोई में लूट मामले की जांच के लिए पहुंचे एसपी

## शहर में आज

- राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ का चुनाव राजकीय प्राथमिक पाठशाला घरावठी में दोपहर 3.45 बजे
- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर
- रोडवेज कर्मचारियों की बैठक

## खबर संक्षेप

### दो प्राचार्य कोर्ट सदस्य मनोनीत किए

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने एमडीयू एक्ट के स्टैच्युट 9 के प्रावधानों के तहत राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ की प्राचार्या डॉ. अलका गुलाटी तथा राजकीय महिला महाविद्यालय मोखरा की प्राचार्या डॉ. सीमा जैन को यूनिवर्सिटी कोर्ट का सदस्य मनोनीत किया है। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि बतौर यूनिवर्सिटी कोर्ट सदस्य डॉ. अलका गुलाटी की नियुक्ति 19 दिसंबर 2023 से 18 दिसंबर 2025 तक तथा डॉ. सीमा जैन की नियुक्ति 19 दिसंबर 2023 से 30 जून 2025 तक की गई है।

### एमडीयू के दो छात्र मैनेजमेंट ट्रेनी सेलेक्ट



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कॅरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें दो विद्यार्थियों का चयन मैनजमेंट ट्रेनी के तौर पर हुआ है। सीसीपीसी निदेशक प्रो. सुमित गिल ने बताया कि प्रतिष्ठित ऑटो कंपोनेंट सप्लॉयर कंपनी डेंसो ने इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में शिरकत की। प्लेसमेंट ड्राइव में यूटीडी के 38 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 12 विद्यार्थियों ने लिखित परीक्षा पास कर अगले चरण में प्रवेश पाया। साक्षात्कार के बाद दो विद्यार्थी इमसॉर के दिलीप तथा अंकिता को साढ़े पांच लाख वार्षिक के पैकेज पर बतौर मैनेजमेंट ट्रेनी सेलेक्ट किया गया।

### महिला से स्नैचिंग करने के आरोपित गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने महिला के साथ हुई स्नैचिंग की वारदात को हल करते हुए वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। थाना प्रभारी आर्य नगर रविन्द्र सिंह ने बताया कि जगदीश कॉलोनी निवासी ललिता की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया। जांच में सामने आया कि 14 सितंबर को ललिता सुबह के समय सैर कर वापिस अपने घर की तरफ जा रही थी। एक्टिवा पर सवार होकर दो युवक आये व ललिता के गले से सोने की चैन तोड़कर मौके से फरार हो गए। छीना छपटी में ललिता के चैन का लोकट ललिता के पास गिर गया। जांच के दौरान 18 दिसंबर को आरोपी सचिन उर्फ सीना निवासी किला मौहल्ला को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रयास, अवैध शराब इत्यादि के 5 मामले दर्ज है।

### बाइक चोरी का आरोपी काबू, रिमांड पर भेजा

**रोहतक।** पुलिस ने सांपला बाजार से हुई मोटरसाइकिल चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। कोर्ट के आदेश पर आरोपी को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया। जांच के दौरान 18 दिसंबर को आरोपी कर्ण निवासी झज्जर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

# मंडी में आढ़तियों की हड़ताल आज, नहीं मिलेगी फल-सब्जियां

## एकमुश्त मार्केट फीस लगाने का विरोध कर रहे आढ़ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सरकार द्वारा एकमुश्त कर वसूलने के फरमान के विरोध में सब्जी मंडी के आढ़तियों ने आंदोलन का ऐलान कर दिया है। इसी क्रम में बुधवार को सब्जी मंडी में हड़ताल की जाएगी। आढ़ती मार्केट में धरना देकर नारेबाजी करेंगे। इस दौरान न कोई दुकान खुलेगी और न ही फल एवं सब्जियां बेची व खरीदी जाएंगी। इसके अलावा दूसरे राज्यों और जिलों से भी कोई सामान नहीं लिया जाएगा। इससे जिले के सब्जी विक्रेता दुकानदारों और रेहड़ी चालकों को फल एवं सब्जी नहीं मिल पाएंगी। जिससे बाजार में सामान की किल्लत देखने को मिल सकती है। साथ ही इनकी कीमतों में उछाल आने की भी सम्भावना है। आढ़तियों को किसानों और दुकानदारों से भी समर्थन मिल रहा है।

- दिल्ली, जयपुर और दूसरे जिलों से नहीं मंगवाए फल और सब्जियां
- शहर के दुकानदारों को भी नहीं मिलेगी सब्जियां
- किसानों और दुकानदारों ने भी किया हड़ताल का समर्थन

मंडी के प्रधान सोनू छाबड़ा ने बताया कि नए नोटिफिकेशन में स्लैब बनाकर एडवांस में आढ़तियों को मार्केट फीस भरने को कहा गया है। यह फैसला व्यापारियों के हित में नहीं है। उन्होंने बताया कि वह सरकार के खिलाफ नहीं हैं लेकिन कुछ अधिकारी सरकार को गुमराह कर रहे हैं। उनसे टैक्स लिया जा रहा है लेकिन सुविधा के नाम पर कुछ नहीं दिया जा रहा। उन्होंने कहा कि उन्होंने जो व्यापार अभी किया ही नहीं उसका टैक्स वे कैसे भर सकते हैं। ऐसा किसी राज्य में नहीं होता। यह सब अधिकारियों की मनमानी है। वह इस मामले में जल्द ही सीएम मनोहर लाल से मिलकर उनके सामने अपनी बात रखेंगे। उन्होंने बताया कि मंडी में करीब 150 आढ़ती, करीब 400 सब्जी बेचने वाले और 300 फल सब्जी की रेहड़ी वाले हैं। ये सभी हड़ताल पर रहेंगे। महासचिव साहिल मग्गू ने बताया कि सरकार ने कोविड के दौरान सहयोग मांगते हुए यह कर लगाया था। उन्हें बताया गया था कि जब हालात सामान्य हो जाएंगे यह कर नहीं लगेगा। अभी कहीं कोविड का नाम नहीं है लेकिन एकमुश्त कर मांग कर आढ़तियों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वह इन मांगों लेकर सीएम, डिप्टी सीएम कृषि मंत्री से भी मुलाकात कर चुके हैं। आढ़तियों ने बताया मार्केट कमेटी की तरफ से टैक्स वसूलने में तो कोई कसर नहीं छोड़ी जाती, लेकिन इसके बदले उन्हें कुछ नहीं मिल रहा। न उन्हें पीने का पानी मिल रहा है और न ही शौचालय की सुविधा। शौचालय बनवाया गया लेकिन सफाई कर्मचारी न होने की वजह से वह बंद पड़ा है। इसके अलावा पीने के पानी की सुविधा नहीं होने से भी आढ़ती परेशान हैं। उन्हें महंगे दामों पर पानी खरीद कर काम करना पड़ रहा है। उनके लिए विभाग की तरफ से कोई सुविधा नहीं दी जा रही।

**मंडी परिसर में चौकी, फिर भी चोरी:** आढ़तियों ने बताया कि अनाजमंडी परिसर में ही पुलिस चौकी बनाई गई है। लेकिन इसके बावजूद भी असामाजिक तत्व घूमते रहते हैं और मौका पाते ही सामान चोरी करके ले जाते हैं। इसलिए पुलिस को यहां सख्ती करनी चाहिए।



### सुरक्षा की गारंटी नहीं

आढ़तियों ने बताया कि टैक्स भरने के बदले उन्हें सुरक्षाकर्मी भी मिलने चाहिए। लेकिन यहां तो सब उल्टा है। उन्हें दुकानों की सुरक्षा भी खुद करवानी पड़ रही है। इसके लिए अपने खर्च पर ही चौकीदार लगाए हुए हैं। विभाग को इसके लिए व्यवस्था करनी चाहिए थी।

### कोविड के दौरान लगा था टैक्स




प्रधान सोनू छाबड़ा ने बताया कि कांग्रेस ने आढ़तियों पर लगाए कर को 2013 में ही समाप्त दिया था। इसके बाद भाजपा सरकार आने तक कर नहीं लगाया गया था। कोविड के दौरान कर शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि अगर उन्होंने शुरू में ही कर का भुगतान कर दिया और किसी कारणवश वह उस साल व्यापार नहीं कर पाए तो कर वापिस लेने के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।

### नोटिफिकेशन से नाराजगी

विगत एक दिसंबर को ही सरकार की तरफ से सब्जी मंडियों में बिकने वाले फल और सब्जी पर मार्केट फीस को लेकर एकमुश्त कर लगाने का नोटिफिकेशन भेजा गया है। जिससे आढ़तियों में रोष व्याप्त है। इससे पहले 2020 में 1 प्रतिशत मार्केट फीस और 1 प्रतिशत एचआरडीएफ लगाया गया था। जिसका पूरे राज्य के आढ़तियों ने विरोध किया। आढ़तियों का कहना है कि बेशक हर साल ली जाने वाली लाइसेंस की फीस 600 से 6 हजार कर दी जाए लेकिन एकमुश्त कर न लिया जाए।

## एमडीयू ने परीक्षा तिथि में बदलाव किया



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की एमएड एमआर तीसरे सेमेस्टर स्पेशल एजुकेशन तथा एमएड व एमएड ओपन इलेक्टिव तीसरे सेमेस्टर के कुछ पेपरों की परीक्षा की आयोजन तिथि में बदलाव किया गया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीएस सिंधु ने बताया कि एमएड एमआर तीसरे सेमेस्टर स्पेशल एजुकेशन के पेपर- गाइडेंस एंड काउंसलिंग की परीक्षा अब 3 जनवरी 2024 को तथा एमएड व एमएड ओपन इलेक्टिव तीसरे सेमेस्टर के पेपर- फंडामेंटल ऑफ मार्केटिंग, हाउसकीपिंग एंड इंटीरियर डिजाइन व एंसीएंट इंडियन एथिक्स की परीक्षा 3 जनवरी 2024 को आयोजित की जाएगी। उपरोक्त परीक्षाओं के आयोजन समय पर परीक्षा केन्द्र में कोई बदलाव नहीं किया गया है, वे पहले वाले ही रहेंगे।

## सांघी के पास नकदी लूटने के प्रयास करने वाला आरोपी काबू



- पुलिस ने वारदात में प्रयोग की गाड़ी और हथियार बरामद किया

**रोहतक।** पुलिस ने गांव सांघी के पास लूट का प्रयास करने की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। सांघी निवासी सुमित की शिकायत के आधार पर थाना सदर में केस दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि सुमित ने गांव खिड़वाली, जिंदराण, घुसकानी, कटवाडा में शराब के ठेके एग्रमेंट पर ले रखे है। 6 दिसंबर को सुमित गांव से रात करीब 8.15 बजे कैश इकट्ठा करके स्कूटी से अपने गांव सांघी की तरफ जा रहा था। खिड़वाली की तरफ से एक कार आई और सुमित के आगे से निकल गई। वहीं कार सिरसा जोहड़ी के पास सड़क के किनारे खड़ी थी और तीन युवक सड़क पर खड़े थे। एक युवक हथियार लिए हुए खड़ा था। युवकों ने सुमित को पकड़ने की कोशिश की। सुमित ने स्कूटी को वापिस खिड़वाली की तरफ भगा लिया। युवकों ने सुमित का पीछा किया। सुमित अपनी स्कूटी को खिड़वाली कटवाडा मोड़ के पास गिराकर गांव की गली में घुस गया। युवक धमकी देते हुए कटवाडा की तरफ मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान आरोपी रविंद्र उर्फ रवि निवासी रिटौली को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से वारदात में प्रयुक्त की गई गाड़ी व हथियार को बरामद किया गया है।

## रोडवेज कर्मचारियों की स्थानीय मांगों पर बनी सहमति, लिखित पत्र होगा जारी

**रोहतक।** हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन ने कर्मियों की स्थानीय समस्या को लेकर मीटिंग की। जिस की अध्यक्षता डिपो प्रधान नरेश सिवाच ने की जबकि संचालन राज्य उप प्रधान एवं डिपो सचिव जयकुंवार दहिया द्वारा किया गया।कर्मचारी नेता सुमेर सिवाच, जयकुंवार दहिया, सतबीर मुंढाल एवं नरेश सिवाच ने कर्मचारी मांगों पर चर्चा करते हुए बताया कि अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि पीने के पानी की समस्या नहीं रहेगी, कर्मियों को एलटीसी,टीए एवं ओवरटाइम दिया जाएगा, पार्किंग व्यवस्था में सुधार होगा, पार्क एवं कर्मशाला में कीटनाशक दवाई का छिड़काव हर सप्ताह होगा। प्राइवेट बसों के समय समय पर परमिट की जांच आरटीए द्वारा की जाएगी। जिसको लेकर कर्मचारी आने वाली 29 को महाप्रबंधक के कार्यालय पर प्रदर्शन कर घेराव करने का निर्णय स्थगित किया गया है।

- 29 को महाप्रबंधक कार्यालय पर होने वाला धरना स्थगित



**रोहतक।** मांगों को लेकर जानकारी देते रोडवेज कर्मचारी।

## महम से लापता हुआ सैमाण का युवक

**महम।** सैमाण गांव से तीन दिन पहले लापता हुए 22 वर्षीय युवक जयबीर का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। युवक 16 दिसंबर शाम सात बजे से लापता है। युवक के पिता ने इसकी शिकायत महम थाने में दी है। पुलिस को दी शिकायत में सैमाण गांव निवासी विजय ने बताया कि उसका 22 साल का बेटा जयबीर 16 दिसंबर शाम 7 बजे से महम से लापता हो गया है।

उसे अपने स्तर पर तलाश किया गया, लेकिन उसका कहीं पर भी सुराग नहीं लग सका है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

- जयबीर के परिजनों की शिकायत पर केस दर्ज

## खिलाड़ियों ने वेट लिफ्टिंग में दिखाया दमखम


**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित करवाई जा रही दो दिवसीय इंटर कॉलेज वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता मंगलवार को संपन्न हो गई। इसका विजेता राजकीय महाविद्यालय महम बना। जबकि दूसरे स्थान पर जीजीडीएसडी पलवल और जाट कॉलेज रोहतक तीसरे स्थान पर रहा।

...विस्तृत पेज 12 पर

## महम में भगवान श्री राम की कलश एवं पूजित अक्षत यात्रा 24 को, तैयारियां पूरी

**महम।** श्री हनुमान चालीसा प्रचार समिति महम द्वारा कस्बा महम के सभी मंदिरों और धर्म स्थलों की कार्यकारिणी के सहयोग से 24 दिसंबर को सुबह 11 बजे भगवान श्री राम की कलश एवं पूजित अक्षत यात्रा निकाली जाएगी। श्री राम भक्त सुशील गुप्ता ने बताया कि कलश एवं पूजित अक्षत श्री राम जन्म भूमि अयोध्या से यहां आया है। यह यात्रा रामायण के रचयिता श्री बाल्मीकि के नाम से महम काठमंडी में स्थित बाल्मीकि धर्मशाला से श्री राम का नाम लेते हुए प्राचीन खांड की मंडी मंदिर तक जाएगी। उन्होंने बताया कि यात्रा की तैयारी पूरी कर ली गई है।

## विजय कुमार बने राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक प्रधान

**रोहतक।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा के निर्देशानुसार मंगलवार को राजकीय खंड सांपला की कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। चुनाव पर्यवेक्षक सुनीता हुड्डा को जिला उप प्रधान, रामराज कादयान, जिला प्रधान, ललित कुमार राज्य ऑडिटर, विजय हुड्डा जिला कोषाध्यक्ष रोहतक की उपस्थिति में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी साध में संपन्न हुआ। इसमें ब्लॉक प्रधान के पद पर विजय कुमार को चयनित किया गया और अन्य पदों में उप प्रधान अशोक कुमार, सचिव कप्तान, सह सचिव सुभाष और कोषाध्यक्ष के पद पर संदीप दहिया का चुना गया। इस पर अवसर पर उप प्रधान सुभाष, पूर्व सांपला ब्लॉक प्रधान राजेंद्र कुमार, कश्मीरी देवी, कुसुम लता, हंस अधिकारी, मीना कुमारी, मधु, उषा कुमारी, नीलम, कविता रानी, अनिल कुमार, विजय कुमार, संदीप कुमार, एकता शर्मा, विजय कुमार, विद्या देवी, सीमा कुमारी व अन्य मौजूद रहे।




# बिजली बिल ज्यादा आने से नाराज बहलबा के ग्रामीणों ने महम बिजली घर में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

बिजली वितरण निगम द्वारा बिजली बिल ज्यादा दिए जाने से नाराज बहलबा गांव के बिजली उपभोक्ताओं ने महम बिजली निगम कार्यालय में धरना दिया और प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व आम आदमी पार्टी के नेता विकास नहरा ने किया। ग्रामीणों ने कहा कि उनके गांव में बिजली के तेज चलने वाले मीटर लगाए गए हैं, जो बिना बिजली भी चलते हैं। जब चलते हैं तो बहुत तेज दौड़ते हैं। मीटर रीडर अपनी मनमानी करते हुए अपनी मर्जी के मुताबिक रीडिंग लिखते हैं और मन चाहा पैसे वसूलते हैं। कहा कि बिजली वितरण निगम के अधिकारियों की ढिलाई की वजह से यह सब हो रहा है। अधिक बिजली के बिल आने से वे समय पर बिल नहीं भर पाते। ऐसा होने पर बिजली कर्मचारी उनके बिजली मीटर को उखाड़ने की धमकी देने लगते हैं। वहीं आम आदमी पार्टी के नेता विकास नहरा ने कहा कि बिजली बिल की धांधली चरम सीमा पर है। बिजली बिल के मीटर डबल इंजन की रफ्तार से चल रहा है। बिजली उपभोक्ताओं का 15-20 हजार रुपये बिजली बिल आ रहा है।


- प्रदर्शनकारी बोले, 15 से 20 हजार आ रहा बिल, भरना मुश्किल


**महम।** बिजली निगम के उपमंडल कार्यालय में धरना देते बहलबा गांव के बिजली उपभोक्ता।

### ग्रामीण परेशान

इतने भारी भरकम बिल का भुगतान करना आम, ग़रीब, मजदूर व किसान के बस से बाहर है। नहरा ने इसके लिए बिजली निगम के अधिकारियों को दोषी ठहराया। कहा कि प्रदेश में बिजली की व्यवस्था बेहद नाजुक दौर से गुजर रही है। जिससे लोगो को कई मुश्किल परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। विकास नहरा ने कहा दिल्ली व पंजाब में बिजली का बिल कैसा होता है लोग यह भूल चुके हैं। क्योंकि वहां पर आम आदमी पार्टी की सरकार है। प्रदर्शनकारियों को बिजली घर में एसडीओ नहीं मिले। नारेबाजी व धरना देकर ग्रामीण वापस गांव लौट गए।

## अवैध हथियारों सहित दो युवक गिरफ्तार, केस



**रोहतक।** पुलिस ने गश्त के दौरान थाना शहर एरिया से दो युवकों को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपियों से दो देसी पिस्तौल व 11 जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है। सीआईए-1 थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि हिसार रोहतक रोड नजदीक कुताना बस्ती के पास पैदल आ रहे युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान अजय निवासी गांव रिटौली के रूप में हुई है। नियमानुसार तलाशी लेने पर युवक के पास से एक देसी पिस्तौल व 7 जिंदा कारतूस बरामद हुए। युवक के खिलाफ थाना शहर केस दर्ज किया गया है। आरोपी को कोर्ट के आदेश पर 4 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है। आरोपी का पुराना आपराधिक रिकार्ड रहा है। आरोपी के खिलाफ जिले में हत्या का प्रय़ास का, स्नैचिंग, चोरी, मारपीट आदि के 8 मामले दर्ज है।

वहीं, सिंहपुरा रोड के पास से युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान किरोडी उर्फ विरेन निवासी गांव कोहाड़ जिला भिवानी के रूप में हुई है। युवक के पास से एक देसी पिस्तौल व चार जिंदा रौंद बरामद हुए। युवक के खिलाफ थाना शहर में केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को 3 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है।

## खबर संक्षेप

### जाली आईडी बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज सोशल मीडिया पर जाली आईडी बना कर अभद्र टिप्पणी के मामले में पुलिस ने आरोपी अभिषेक कुमार को गिरफ्तार किया है। अब आरोपी को जमानत पर रिहा कर दिया है। पीड़ित महिला ने 15 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी अभिषेक कुमार ने सोशल मीडिया पर जाली आईडी बना कर अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगाया था।

### सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में काबू

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी किरणपाल को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 16 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव टमनौली के पास आरोपी कार चालक ने उसके पति की बाइक को टक्कर मार दी थी। हादसे में उसके पति तथा उसकी गर्भवती पुत्रवधु की मौत हो गई । इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### बदमाशों ने बेहोश कर गाड़ी व नकदी लूटा

**घरौंडा।** कोहण्ड के निकट हाईवे पर भारत पट्रोल पंप के पास एक चालक को बेहोश कर चार युवकों ने उसकी गाड़ी, मोबाइल फोन व नकदी छीन कर फरार हो गए। मथुरा निवासी मिथुन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उसकी गाड़ी भारत पट्रोल पंप के पास खड़ी थी। इसी दौरान चार युवको ने उन्हें बेहोश कर दिया ओर उनकी गाड़ी, लगभग 15 हजार की नगदी, एटीएम, तीन मोबाइल व अन्य सामान छीन कर ले गए।

### नकली शराब बेचने के मामले में दो गिरफ्तार

**अंबाला।** कुछ रोज पहले मुलाना एरिया में पकड़ी शराब की अवैध फैक्टरी में तैयार होने वाली नकली शराब पर जाली रैपर लगाकर बेचने के मामले में आरोपी गौरव कुमार व निशांत को काबू किया है। अब पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना सदर अंबाला में दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने आरोपी अभिषेक को काबू किया है। अब उसे शामिल जांच कर रिहा कर दिया है। पीड़ति महिला ने 1 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 10 मार्च 2017 विवाह के समय से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग अधिक दहेज की मांग हेतू उसे प्रताड़ति करते आ रहे हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।







# लोक कलाकारों के वाद्य यंत्रों की धुनों ने बदली फिजा

**ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर कहीं जंगम जोगी, कहीं नगाड़ा-बीन और कहीं सारंगी की धुन कानों में घोल रही रस**

तरुण वधवा ▶▶| कुरुक्षेत्र

ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर प्रदेश के कोने-कोने से लुप्त होने के कगार पर पहुंचे वाद्य यंत्रों की धुनों को सहजता से सुना जा सकता है। इस बार अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 में लोक कलाकारों ने अपने वाद्य यंत्रों की धुनों से ब्रह्मसरोवर की फिजा को बदलने का काम किया है। इस सरोवर के पावन तट पर कहीं जंगम जोगी, कहीं नगाड़ा-बीन और कहीं सारंगी की धुनों को सुनकर पर्यटक मस्ती से झूम रहे हैं, तो कहीं रंग-बिरंगे, चमकते परिधानों में सजे कलाकारों संग फोटो लेने का क्रेज भी पर्यटकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 में जहां प्रदेश के लोक कलाकार पर्यटकों को आनंदित कर रहे हैं, वहीं इस प्रकार के महोत्सव लुप्त हो रही कलाओं का संगम भी बना है। इन्हीं तमाम पहलुओं को लेकर ही सरकार के कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की तरफ से जंगम जोगी के ग्रुप, डेरू पार्टी के ग्रुप, नगाड़ा पार्टी के ग्रुप, बीन पार्टी के ग्रुप बुलाए गये हैं।

- हरियाणा पवेलियन में व्यंजनों के स्वाद के साथ संस्कृति के रंग

इन सभी ग्रुपों के करीब 250 लोक कलाकार महोत्सव में पहुंचे हैं। ये सभी कलाकार सरोवर के चारों तटों पर घूम-घूम कर पर्यटकों का मनोरंजन करने का काम कर रहे हैं।



## जुलाहा की बुणाई कला को जीवित कर रहा हरियाणा पवेलियन

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित हरियाणा पवेलियन हरियाणा की लोक संस्कृति के साथ-साथ हरियाणवी जुलाहा की बुणाई कला को जोड़ रहा है दर्शकों से। हरियाणा पैवेलियन में स्थापित जुलाहा जिसे करघा भी कहा जाता है दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। सैकड़ों वर्ष पुरानी लोक पारंपरिक विरासत को जुलाहे की खड्डी के माध्यम से ताणा बुनकर पवेलियन में खेस बुनते हुए प्रत्यक्ष रूप से देखा जा सकता है। हरियाणा पवेलियन के संयोजक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि लोकजीवन में ताण अथवा ताणे से वस्त्र बुनने वाले व्यक्ति को कोली, बलाई व जुलाहा कहा जाता है। । सामान्यतः हरियाणवी लोकजीवन में ताणे से सूत बुनने तथा इससे बुने हुए खेस, चद्दर, दोतई, लिहाफ, चौसी, ड्योटी तथा रेज्जा आदि बनाने वाले व्यक्ति को जुलाहे की संज्ञा दी गई है। उन्होंने कहा कि देहात में इन्हें कबीर पंथी भी कहते हैं। जुलाहा जिस स्थान पर काम करता है, उसे ठीहा, ठईया या कमठाणा कहते हैं। जुलाहा जहां पैर लटकाकर बैठता है, उसे साल कहा जाता है। जुलाहा सूत बुनने से पहले रूई से सूत कातकर तैयार करता है, उसके पश्चात वह उस सूत को खूंटियों के माध्यम से सुखाता है, जिसे ताणा लगाना कहते हैं। सूत बुनने से पहले सूत को सुखाया जाता है तथा सुहाले की सहायता से उसकी सफाई भी की जाती है।



## हरियाणा की छपाई कला देख हैरान हो रहे हरियाणा पैवेलियन में दर्शक

गीता महोत्सव में कुवि के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित हरियाणा पैवेलियन हरियाणा में हरियाणा की छपाई कला को एक बार फिर पुर्नजीवित कर दर्शकों तक पहुंचाया जा रहा है। यहां पर रेज्जे एवं सूती कपड़ों पर लकड़ी के ब्लॉकों के साथ प्रत्यक्ष रूप से छपाई देखी जा सकती है। लाखन माजरा रोहतक से आई लोक कलाकार ममता हरियाणा की छपाई कला को दर्शकों से रूबरू कर रही है। हरियाणा पवेलियन के संयोजक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि लोकजीवन में वस्त्रों को रंगने वाले कारीगर को प्राय रंगरेज, रंगारा, लीलगर, नीलगर, छिप्पी, छिम्मी आदि की संज्ञा प्रदान की गई है। लोक में वस्त्रों को रंगने के प्रमाण ऋग्वेद तथा अथर्ववेद में भी मिलते हैं। इतना ही नहीं, वेदों में ऋषि-मुनियों द्वारा श्वेत, काषाय, गेरुए आदि वस्त्रों के धारण करने के संदर्भ मिलते हैं। देहात में वस्त्रों को रंगने के व्यवसाय में लगे सिद्धहस्त कारीगरों को ही लीलगर, छिप्पी (छापने वाला) कहा जाता है। यह शब्द संस्कृत के रंजकार और फारसी के रंगरेज, दोनों को रंजक बनाए हुए हैं।



## मिठास के साथ रोजगार देने का काम करता है मीठा गन्ना

पुरुषोत्तमपुरा बाग में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा बनाए गए हरियाणा पैवेलियन में यूनिवर्सिटी सीनीयर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के छात्रों का शुगर मिल पर आधारित मीठा गन्ना का मॉडल सबके आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। रोजगार देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहा है। यह मॉडल सबको अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निर्देशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि कुवि के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के दिशा निर्देश पर पहली बार स्कूल के बच्चों को इतने बड़े स्तर पर मंच प्रदान किया गया है ताकि स्कूल के बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। स्कूल के 11वीं कक्षा के छात्र विशाल, लक्षित सैनी, वीन व कृष्णा ने स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सुखविंद्र सिंह व शिक्षिका महिमा के मार्गदर्शन में मीठा गन्ना मॉडल तैयार किया है। इस मॉडल में बताया गया है कि किसानों को अधिक से अधिक से लाभ लेने के लिए गन्ने की खेती करनी चाहिए क्योंकि जब किसान गन्ने की खेती करेगा और सरकार के सहयोग से को-ओपरेटिव शुगर मिल लगाकर काम करेगा तो उसे दो गुना लाभ मिलेगा। क्योंकि कोऑपरेटिव शुगर मिल 50 प्रतिशत हिस्सेदारी किसानों की होती है। इस मॉडल के माध्यम से गन्ने का मिल में आने के बाद हर चीज प्रयोग में आती है। इससे चीनी, गुड़, खोई, बायोतेल तैयार होता है।




## हरियाणा पवेलियन में व्यंजनों के स्वाद के साथ संस्कृति के रंग

पुरुषोत्तमपुरा बाग में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा बनाए गए हरियाणा पैवेलियन में हरियाणवी रसाई में चूरमा व गुड़ का हलवा सबकी मन पसंद बना हुआ है। हरियाणवी व्यंजनों के स्वाद ने हरियाणवी संस्कृति के रंग को और रंगीन बना दिया है। पवेलियन में आने वाले लोग हरियाणा की लोक संस्कृति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेने के साथ-साथ हरियाणवी व्यंजनों का स्वाद भी चख रहे हैं। युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के निदेशक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि हरियाणा पवेलियन में इस बार खास तौर पर हरियाणवी रसाई का निर्माण किया गया है, जिसमें खास तौर पर हरियाणा के परम्परागत लोकप्रिय व्यंजनों को रखा गया है ताकि यहां पर आने वाले लोग हरियाणा की लोक संस्कृति के बहुआयामी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेने के साथ-साथ हरियाणवी व्यंजनों का जायका भी ले सकें।



## सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक दे रहा विभिन्न स्कीमों की जानकारी

कुरुक्षेत्र। सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक द्वारा किसानों व ग्रामीणों के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है जिनका लाभ उठाकर किसान व ग्रामीण अपनी आर्थिक स्थिति और अधिक मजबूत कर सकते हैं। यह जानकारी अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के तट पर सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के अधिकारियों द्वारा 442 नंबर स्टॉल पर दी जा रही है। इस स्टॉल पर प्रबंधक सुशील कुमार व राममेहर द्वारा लोगों को सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक की वित्तीय सेवाओं एवं ऋण संबंधी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक द्वारा किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड योजना, एसएचजीबी कृषि तत्काल ऋण योजना, पशु किसान क्रेडिट कार्ड योजना, स्वयं सहायता समूह एवं संयुक्त दायित्व, समूह के अन्तर्गत ऋण योजना, पशुपालन, मुर्गी पालन इत्यादि ऋण योजना, कृषि यंत्रों के लिए ऋण योजना, कृषि भूमि खरीदने के लिए ऋण योजना, मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना के अन्तर्गत ऋण, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अन्तर्गत ऋण तथा प्रधान मंत्री विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत ऋण स्कीम चलाई जा रही है।



# 45 लाख की धोखाधड़ी करने वाले दो दबोचे

## मेडिकल कॉलेज में एडमिशन दिलवाने के नाम पर 45 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- पुलिस ने अरोपियों को पूछताछ के लिए ,2 दिन के रिमांड पर लिए
- दोनों आरोपी बच्चों का दाखिला उच्च शिक्षा के लिए अच्छे कॉलेज में कराने के लिए लोगों से पैसे ठगते थे

मोलाना मेडिकल कॉलेज में एडमिशन दिलवाने के नाम पर 45 लाख रूपए की धोखाधड़ी करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जन्हिं कोर्ट में पेश कर 2 दिन के रिमांड पर लिया गया। आर्थिक अपराध शाखा इंचार्ज एस.आई रोहित के नेतृत्व में टीम ने आरोपी अंशु छलोत्रा वासी सहारनपुर उत्तर प्रदेश और दीपक कुमार वासी गाजियाबाद उत्तर प्रदेश को करनाल से गिरफ्तार किया। शिकायतकर्ता युद्धवीर सिंह वासी सी.एच.डी सिटी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी अंशु और दीपक ने उसकी लडक़ी का दाखिला मौलाना मेडिकल कॉलेज में एम.डी कोर्स में करवाने के लिए 45 लाख की धोखाधड़ी की है। शिकायतकर्ता युद्धवीर ने बताया की दोनों आरोपी बच्चों का दाखिला उच्च शिक्षा के लिए अच्छे कॉलेज में कराने के लिए लोगों से पैसे ठगते है।

### पुलिस करेगी पूछताछ

एस.आई हरभजन सिंह ने बताया कि आरोपी अंशु और दीपक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर 2 दिन का रिमांड हासिल किया है। दौराने रिमांड दोनों आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जाएगी और मुकदमे में बरामदगी की जाएगी।

# अवैध हथियारों के जखीरा के साथ तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- आरोपियों से 6 देसी पिस्तौल, 5 मैग्जीन व 4 जिंदा कारतूस बरामद

पानीपत पुलिस की एंटी व्हीकल थेप्ट की टीम ने थाना औद्योगिक सेक्टर 29 क्षेत्र में चौटाला रोड पर स्टेडियम के पास असला तस्कर सहित तीन आरोपियों को भारी मात्रा में अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया। आरोपियों से 6 देसी पिस्तौल, 5 मैग्जीन व 4 जिंदा रौंद बरामद हुए। एंटी व्हीकल थेप्ट इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि एंटी व्हीकल थेप्ट की टीम ने चौटाला रोड पर से नवाब पुत्र जाफर अली निवासी कदमगाची किशनगंज पश्चिम बंगाल हाल कृष्णा गार्डन पानीपत, बलवान पुत्र धर्मसिंह निवासी बालरागडान व अंकित पुत्र जोगिंद्र निवासी जैणी करनाल के रूप में बताई। तलाशी लेने पर आरोपी नवाब के बैग से 4 देसी पिस्तौल, 3 मैग्जीन, 4 जिंदा रौंद व आरोपी अंकित की पेंट से 2 देसी पिस्तौल व आरोपी बलवान से 2 मैग्जीन बरामद हुई। बरामद सभी अवैध देसी पिस्तौल अनलोड मिले। आरोपी अवैध हथियार, कारतूस, मैग्जीन मध्य प्रदेश के धार जिला के एक गांव में युवक से 70 हजार में खरीदकर लाया था। सोमवार को आरोपी नवाब चौटाला रोड पर स्टेडियम के पास उक्त अवैध हथियार आरोपी बलवान व अंकित को बेचने के लिए आया था। आरोपी ने 32 बौर के दो देसी पिस्तौल आरोपी अंकित को 20 हजार में व दो मैग्जीन आरोपी बलवान को 2 हजार में उधार में बेची थी।

### पेशेवर अपराधी है नवाब

आरोपी नवाब के खिलाफ पानीपत में चोरी व हत्या की वारदातों के जिला के विभिन्न थाना में 7 अभियोग व करनाल में कारागार अधिनियम व आर्म्स एक्ट के तहत 2 अभियोग दर्ज है। आरोपी इससे पहले वर्ष 2021 में करनाल में अवैध हथियारों सहित पकड़ा गया था। इसी प्रकार आरोपी बलवान के खिलाफ हत्या का एक अभियोग करनाल के सिविल लाइन थाना में दर्ज है।

**ठगी** | **कबूतरबाज ने रुपये लेकर पीड़ित को थमाया फर्जी लेटर**

# जज का रिश्तेदार बताकर उच्च न्यायालय में सरकारी क्लर्क लगवाने के नाम पर ठगे 10.68 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

उच्च न्यायालय के जज का रिश्तेदार बताकर सरकारी क्लर्क लगवाने के नाम पर मलिकपुर बांगर निवासी अजय कुमार से एक व्यक्ति ने दस लाख 68 हजार रुपये ठग लिए। आरोप पंचकूला की रथपुर कॉलोनी निवासी चैन सिंह पर लगा है। आरोप है कि आरोपी ने उसे फर्जी लेटर दिया।

नौकरी न लगने पर जब अजय ने आरोपी से रुपये वापस मांगे तो उसने देने से मना कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अजय कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी सात मई 2023 को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस अंबाला में पंचकूला की रथपुर कॉलोनी निवासी चैन सिंह के साथ मुलाकात हुई थी। आरोपी ने उसे कहा कि उच्च न्यायालय चंडीगढ़ में क्लर्क के पद पर सरकारी नौकरी निकली हुई है। उच्च न्यायालय के जज उसके रिश्तेदार हैं। एचसीएस से भी उसके संबंध है। आरोपी ने उसे आश्वस्त किया कि वह उसे सरकारी क्लर्क के पद पर लगवा देगा। इसके लिए उसने 20 लाख रुपये की मांग की। सरकारी नौकरी के चक्कर में वह आरोपी चैन सिंह की बातों में आ गया और उसने क्लर्क पद पर लगने के लिए हामी भर दी।

लेकिन उसे न तो नौकरी मिली और न ही उसके पैसे वापस मिले।

### कुछ रुपये नकद और कुछ आरटीजीएस व गूगल पे से लिए

इसके बाद आरोपी ने अलग-अलग कर उससे दस लाख 68 हजार रुपये ले लिए। इनमें से कुछ रुपये उसने आरोपी को नकद और कुछ रुपये आरटीजीएस व गूगल पे के माध्यम से आरोपी के खाते में डलवाए। एक दिन आरोपी ने उसे मिलने के लिए कालका बुलवाया। वहां पर एक लेटर दिया। जिस पर फोटो व रोल नंबर भी था। आरोपी ने उससे एक कागज पर भी हस्ताक्षर कराए। आरोपी ने उससे असली दस्तावेज ले लिए और उसे कहा कि दो से तीन दिन में उसकी सिलेक्शन हो जाएगी। इसके बाद वह घर आ गया। जब उसने वह लेटर देखा तो उसे कुछ शक हुआ। उसने अपने स्तर पर इस लेटर के बारे में पता किया तो यह फर्जी निकला। उसने आरोपी से इस बारे में बात की और पंचायत हुई। जिसमें आरोपी ने गलती मानते हुए पूरे रुपये ब्याज सहित देने का वायदा किया। लेकिन फिर भी आरोपी ने उसके रुपये वापस नहीं किए। उसने परेशान होकर इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### हुड़दंगियों से सख्ती से निपटी पुलिस

**समालखा।** समालखा की अनाज मंडी में कॉलेज व स्कूलों के सामने दोपहिया वाहनों पर हुड़दंग बाजी करते घूम रहे बच्चों के व बिना लाइसेंस, बिना कागज व हेलमेट के लोगों के भी पुलिस के द्वारा चालान काटे गए। समालखा थाना प्रभारी फूल कुमार बताया पानीपत पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के आदेश अनुसार स्कूल व कॉलेजों के समाने जो मनचले बाइक लेकर हुड़दंग बाजी करते, बिना हेलमेट व बिना लाइसेंस घुम रहे हैं। पुलिस द्वारा उन लोगों के चालान किए गए हैं। थाना प्रभारी ने समालखा वासियों अपील करते हुए कहा कोई भी मां-बाप अपने 18 साल से कम उम्र के बच्चों को कोई भी वाहन ना दें। ऐसा होने पर न केवल वाहन को इमपाउंड किया जाएगा बल्कि मां-बाप के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाही की जाएगी।

# सड़क पार कर रहे व्यक्ति की कार की चपेट में आने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ किया मामला दर्ज

शहर के मधु चौक के पास सड़क पार कर रहे व्यक्ति की कार की टक्कर लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रामपुरा कॉलोनी निवासी अरुण कुमार ने बताया कि वह गगन स्पेयर पार्ट जगाधरी में नौकरी करता है। सोमवार को उसके पिता रमेश चंद घर से मधु चौक के पास बंधन बैंक में रुपये निकलवाने के लिए गए थे।

रेलवे रोड पर मधु चौक के नजदीक बूट बाजार के नजदीक जब उसके पिता सड़क पार करने लगे तो जगाधरी की तरफ से तेज गति से आई 20 कार आई। आरोप है कि चालक ने लापरवाही से कार चलाते हुए उसके पिता रमेश चंद को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसके पिता उछल कर उसकी कार के अगले शीशे पर लगे। जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने आरोपी चालक की कार में ही उसके पिता को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसके पिता की गंभीर हालत देखते हुए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। उन्होंने उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

## खबर संक्षेप



### ककराना में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम

**रोहतक।** महिला एवं बाल विकास विभाग की तरफ से गांव ककराना में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया । सर्कल सुपरवाइजर मीना ने महिलाओं को जानकारी दी कि बेटा बेटी मे कोई भेद नही है। बेटी भी परिवार के लिए बहुत जरूरी है। इसलिए बेटी को बचाना बहुत जरूरी है।

### आपा की बदलाव यात्रा महम में आज

**महम।** आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा बुधवार 20 दिसंबर को सुबह दस बजे महम पहुंचेगी। आप नेता विकास नहरा ने बताया कि यात्रा मेन बाजार से होते हुए श्री कृष्ण धर्मकांटा के पास पहुंचेगी। यात्रा लेकर पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा पहुंचेंगे। इस दौरान वे शहर व क्षेत्र के लोगों को आप की नीतियों की जानकारी देंगे व भाजपा की खामियां बताएंगे।



### छात्रों को विज्ञान विषय से जुड़ने के लिए किया प्रेरित

**रोहतक।** गांव घुसकानी स्थित पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की जीव विज्ञान विभाग की अध्यक्षा प्रो. वीनिता शुक्ला ने विद्यार्थियों को विज्ञान विषय से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

### शिक्षा भारती में खेलकूद समारोह का दूसरा दिन

**रोहतक।** शिक्षा भारती विद्यालय बहु अकबरपुर में दूसरे दिन खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन किया गया। सभी प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य विनोद वशिष्ठ, खेल आचार्या सुमन सैनी, सभी आचार्यों के द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

### सुधा प्रथम, इंदु दूसरे और सोनम तृतीय रही

**रोहतक।** मदवि के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार ने दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में बतौर संयोजक एवं मुख्य संपादक के तौर पर शिरकत की। सेमिनार में डॉ. संजीव कुमार को उनके द्वारा शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में दिए जा रहे उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय अवार्ड से नवाजा गया। कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षा विभाग के शोधार्थी सुधा, इंदु रानी और सोनम ने प्रथम, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### सरकार लोगों को बेहतर सुविधाएं दे रही: रणबीर

**रोहतक।** विकसित भारत संकल्प यात्रा की वैन संख्या दो का गांव आंवल व बसाना में पहुंचने पर स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका ने बतौर मुख्यातिथि संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा सभी वर्गो के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा के साथ-साथ आवगमन के लिए आधारभूत ढांचा मजबूत किया गया है।

### किसानों को बेकरी के बारे में जानकारी दी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म विभाग तथा हरियाणा कृषि केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में किसानों को बेकरी में अवसर विषय पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। आईएचटीएम में आयोजित इस पाँच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के तहत अनुसूचित जाति व जनजाति के किसानों को बेकरी व बेकरी से बनने वाले पदार्थ विषय पर प्रशिक्षण दिया गया।

---

निगम क्षेत्र के वार्ड नम्बर 14 में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

# पंडित दीन दयाल उपाध्याय के सपने को साकार कर रही सरकार: ग्रोवर

बैंड बाजे के साथ हाथों में सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों की तख्तियां लेकर लोग सड़कों पर उतरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

देशभर में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतोदय की भावना से कार्य करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपना को साकार करने का कार्य कर रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा की गाड़ी कोई साधारण वाहन न होकर प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी की गाड़ी है, जहां-जहां शहर व गांव में गाड़ी पहुंच रही है वहां-वहां पर एक दर्जन से भी अधिक विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद रहते हैं और पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मौके पर देना सुनिश्चित किया जाता है।

यह बात पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने वार्ड 14 में संकल्प यात्रा को सम्बोधित करते हुए कही। इस दौरान बैंड बाजे के साथ हाथों में सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों की तख्तियां लेकर लोग सड़कों पर उतरे। पूर्व मंत्री ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांधी नगर में लोगों की मौके पर समस्याएं सुनी और मौके पर समाधान करवाया।

गांधी कैंप स्थित कुकारो वाली रामलीला मैदान में भाजपा कार्यकर्ता एकत्रित हुए और गलियों में से विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली। हरियाणा में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत 30 नवंबर को हुई थी। उसके बाद यह यात्रा लगातार ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पहुंच रही है। पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने कहा कि हरियाणा में 29 लाख परिवारों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल रहा है।

जबकि देश भर में करीब 90 करोड़ लोगों के हाथों में आयुष्मान कार्ड है, जिसके तहत पात्र व्यक्ति का 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा सुनिश्चित किया गया है। पात्र व्यक्ति पैनल में शामिल किए गए निजी अस्पतालों में 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2029 तक 82 करोड़ लोगों को 5 किलो प्रति व्यक्ति अनाज मुफ्त देना भी सुनिश्चित किया है। उज्ज्वला योजना के तहत पात्र परिवारों को निशुल्क गैस सिलेंडर व चूल्हे प्रदान किये जा रहे हैं।






### संकल्प यात्रा का लाभ उठाएं ग्रामीण

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणीसदस्य एवं पलवल के प्रभारी डॉ. दिनेश घिलौड़ ने बसंतपुर में संकल्प यात्रा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को सुलझाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत जनसंवाद यात्रा की शुरूआत की है। यात्रा में वरिष्ठ नेता सतीश नांदल, पूर्व चेयरमैन प्रतिभा सुमन, नरेंद्र वत्स, सतीश ठेकेदार, ज्योत्सना रोहिल्ला, सुरजीत हुड्डा, सोनू दलाल, रवि हुड्डा, ब्राह्मणवास के सरपंच कर्मबीर व बसंतपुर की सरपंच प्रश्नो देवी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर को राज्य सरकार ने किया मजबूत : मनमोहन गोयल

मेयर मनमोहन गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि हरियाणा राज्य सरकार ने प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती प्रदान की है। पार्षद राधेश्याम ढल ने आए हुए सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य रमेश भाटिया, पार्षद सुरेश किराड़, मंडल अध्यक्ष अशोक सहगल, आशा शर्मा, उषा शर्मा, युवा भाजपा नेता हिमांशु ग्रोवर, अजय निझावन, मनोज मक्कड़, अमित बंसल, एडवोकेट चेतना अरोड़ा, कुलविंदर सिक्का, एडवोकेट अनीता बुधवार, बॉबी गजराज, राजीव भांकर, सतीश, सुरेश सैनी के अलावा नगर निगम के संयुक्त आयुक्त विजय सिंह मलिक व एक्सईएन मनदीप धनखड़ व अमित कुमार भी मौजूद थे

---



### शादी की ज्वेलरी की खरीद पर तनिष्क में विशेष ऑफर

*रोहतक।* जैसा कि हम सब जानते हैं कि शादी का दिन एक दुल्हन के लिए कितना महत्वपूर्ण होता है। इस दिन को और भी खूबसूरत बनाने के लिए तनिष्क ने बनाई है, अपनी ब्राइडल कलेक्शन रिवाह। यह इस कलेक्शन में 16 कम्युनिट की ब्राइडल ज्वेलरी मिलती है। इसके साथ-साथ तनिष्क आपको दे रहा है शादी की ज्वेलरी की खरीदारी पर भारी डिस्काउंट। सोने की ज्वेलरी की बनवाई में 20 फीसद और डायमंड की वैल्यू में 20 फीसद तक का डिस्काउंट। इस डिस्काउंट के अलावा आप अपने पुराने गहनों को भी बदलवा सकते है। क्योंकि अभी तनिष्क में पुराने सोने की वापसी पर शून्य प्रतिशत तक की कटौती चल रही है। तो अब आप ब्राइडल के लिए ज्वेलरी लेना चाहते है तो आप अपने नजदीकी तनिष्क शोरूम रोहतक पर आ सकते है और चल रहे सभी ऑफर का फायदा उठा सकते हैं।



## सरस्वती स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**रोहतक।** एमएस सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सिंहपुरा खेल मैदान में खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मार्च पास से किया गया। जिसके अंतर्गत सभी विद्यार्थियों ने प्रतिज्ञा ली कि वह खेल को खेल की भावना से खेलेंगे और खेल के सभी नियमों का पालन करेंगे। विद्यालय के निर्देश हिमांक मित्तल और प्रधानाचार्या रितु ने खेल प्रतियोगिता 2023 की घोषणा की। यह खेल प्रतियोगिता 19 से 29 दिसंबर तक रहेगी और प्रतियोगिता में जीतने वाले छात्र-छात्राओं को 30 दिसंबर को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर सभी अध्यापक अध्यापिकाओं ने छात्र-छात्राओं को उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

---

# पीजीआई में चिकित्सकों और सामान की कमी

- आप वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा के नेतृत्व में महेंद्रगढ़ से शुरू होकर रोहतक में पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

आम आदमी पार्टी की 10 दिवसीय प्रदेश स्तरीय बदलाव यात्रा पांचवें दिन आप वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा के नेतृत्व में महेंद्रगढ़ से शुरू होकर रोहतक में पहुंची। माता दरवाजा चौक से शुरू होकर पुराने बस स्टैंड तक यात्रा निकाली गई। इस दौरान उनके साथ बिजेंद्र हुड्डा, जगवीर हुड्डा, एडवोकेट महेश शर्मा, कर्ण सिंह धनखड़, अनिल रंगा, सोनू हनुमान, शिव मोहन गुप्ता, साहिल मग्गू, भूषण वाधवा, जयवंत अम्बेडकर, रविन्द्र जाखड़, राम रतन हुड्डा, सतीश समेत अन्य कई नेता मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा को जबरदस्त जन समर्थन मिल रहा है।

इसलिए भाजपा सरकार बौखलाई हुई है। उन्होंने कहा कि लाखों युवा बेरोजगारी में दर दर की ठोकर खाने को मजबूर हैं। हरियाणा में 2 लाख सरकारी पद खाली हैं। लेकिन सरकार युवाओं को इजराइल भेजना चाहती है, जहां युद्ध चल रहा है। उन्होंने कहा कि जहां विपक्ष को विधानसभा में मजबूत आवाज उठानी चाहिए थी। वहीं भूपेंद्र हुड्डा और सीएम आपस में शेरो शायरी कर रहे हैं। इसका मतलब भाजपा और कांग्रेस के नेता आपस में मिले हुए हैं।

उन्होंने कहा कि रोहतक पीजीआईएमएस आसपास लगते चार पांच जिलों के लोगों को इलाज मुहैया करवाता है। पीजीआईएमएस में न तो चिकित्सक हैं और न ही दवाइयां हैं।

लोग इलाज के लिए हजारों रुपए खर्च पर प्राइवेट अस्पतालों का रुख कर रहे हैं। पीजीआईएमएस में ही 50 प्रतिशत से ज्यादा चिकित्सकों के पद खाली है। उन्होंने कहा कि रोहतक नगर निगम भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों का अड्डा बन चुकी है।




# एमपीएस के सीएमडी रोमेश विग को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

- रामेश विग को 'भारत विकास पुरस्कार' प्रदान किया जा चुका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

भारत के फास्टर मैन के नाम से विख्यात माइक्रोन ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज कंपनी के सीएमडी रोमेश विग को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया है। यह पुरस्कार उन्हें ग्लोबल इंडियन कोन्लेव एंड अवार्ड द्वारा आयोजित समारोह के दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी ने प्रदान किया। रोमेश विग ने मंगलवार को अपने कार्यालय में पत्रकारवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उन्हें देश के विकास में गुणवत्तापूर्ण उत्पाद वितरित करने के लिए यह पुरस्कार मिला है। इससे पूर्व उनको साल 1999 में राष्ट्र के लिए उत्कृष्ट व्यक्तिगत उपलब्धियों और विशिष्ट सेवाओं के लिए ग्लोबल इकोनॉमिक काउंसिल द्वारा 'राष्ट्रीय एकता पुरस्कार' से सम्मानित किया गया था। राष्ट्र के विकास की गतिविधियों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने के लिए रामेश विग को 'भारत विकास पुरस्कार' प्रदान किया जा चुका है। इसके अलावा रोमेश विग को साल 1999 में ही ऑल इंडिया अचीवर्स कांफ्रेंस द्वारा आयोजित मिलेनियम हॉल ऑफ अचीवर्स फेम में 'अचीवर ऑफ द मिलेनियम अवार्ड मिला था।




---



**रोहतक।** माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में अक्षत कलश यात्रा का साध्वी मानेश्वरी देवी और भक्तजनों द्वारा पुष्प वर्षा और फूल मालाओं से स्वागत किया।

## अक्षत कलश यात्रा का पुष्प वर्षा और जय श्रीराम के जयकारों से किया स्वागत

**रोहतक।** माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में मंगलवार सायं 5 बजे विश्व हिंदू परिषद द्वारा अयोध्या से आई अक्षत कलश यात्रा का स्वागत किया गया। महिलाओं और राम भक्तों ने अक्षत कलश यात्रा में भाग लिया और श्रीराम के भजनों पर थिरकते हुए मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने परिक्रमा की। साध्वी मानेश्वरी देवी और भक्तजनों ने राम लला के अयोध्या मंदिर में विराजमान से पूर्व मंदिर में आई अक्षत यात्रा की पूजा अर्चना श्रद्धा और उत्साह की। यात्रा में आए भक्तजनों पर पुष्प वर्षा और फूल मालाओं से उनका जोरोशोर से स्वागत किया। भक्तों ने प्रभु श्रीराम में अपनी खूब आस्था दिखाई। यात्रा में आकर्षक झांकियां भी निकाली गई। मंदिर में बाल रूप में बाबा हनुमान का रूप धारण किए हुए बालकों और मुकुटधारी बाबा हनुमान आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में भजन कीर्तन, श्रीराम, जय राम, जय-जय राम का सामूहिक जाप हुआ। दीपों से मंदिरों को सजाया गया। पंडित अशोक शर्मा द्वारा आरती की गई और यात्रा में आए भक्तजनों को प्रसाद और जलपान कराया गया।

# वैश्य संस्था के महाराजा अग्रसेन स्टेडियम में हुआ रोटरी क्लब का क्रिकेट मैच

- मैच में क्लब के सदस्यों ने भाग लिया और शानदार प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

रोटरी क्लब ऑफ रोहतक, रोटरी क्लब ऑफ सफायर, रोटरी क्लब ऑफ सिटी, रोटरी क्लब ऑफ रोहतक नेक्सट एवं सभी रोटरी क्लब के द्वारा आयोजित वैश्य संस्था के महाराजा अग्रसेन स्टेडियम में क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मैच में क्लब के सदस्यों ने भाग लिया और शानदार प्रदर्शन किया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया पहला लीग मैच 8-8 ओवर का रोटरी क्लब नेक्स्ट एवं रोटरी क्लब रोहतक ने खेला और शानदार गेंदबाजी करते हुए रोटरी क्लब ऑफ रोहतक ने जीता। दूसरा मैच रोटरी क्लब ऑफ रोहतक एवं रोटरी क्लब ऑफ सफायर के बीच में खेला गया और शानदार बैटिंग करते हुए यह मैच रोटरी क्लब ऑफ सफायर ने जीता। तीसरा फाइनल मैच रोटरी ऑफ रोहतक और रोटरी क्लब सफायर के खिलाड़ियों ने खेला।यह मैच 10 ओवर का था।



# गुढ़ान में लाखों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलानौर

गांव गुढ़ान में परिवार को सोते हुए कमरे में बंद करके लाखों रुपए की चोरी कर ली गई। चोर छत के रास्ते चौबारे के दरवाजे का लॉक तोड़कर घर में घुसे और अलमारियों में रखे 10 लाख कैश, डेढ़ किलो चांदी व सोने के आभूषण चोरी करके छत के रास्ते फरार हो गए। मामले की शिकायत मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार, गांव गुढाण निवासी निर्मला नैन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18-19 दिसंबर की रात को वह अपने परिवार के साथ मकान में सो रही थी। सुबह करीब साढ़े 6 बजे उठी और वह साथ वाले कमरे में सामान लेने गई। इसी दौरान देखा कि कमरे में रखी अलमारी का लॉक टूटा हुआ है। अलमारी में रखा सामान बिखरा हुआ था। जिसे चेक किया तो पाया कि अलमारी से लाखों के गहने चोरी हो चुके थे। वहीं 10 लाख रुपए के करीब नकदी थी, वह भी चोरी कर ली। उन्होंने बताया कि उनकी सोने की अगूंठी, 8 तोले सोने की एक मटर माला, 5 तोले की सोने की एक चैन, 3 तोला सोने की एक चैन, एक 2 तोले सोने की चैन, सोने के 2 कड़े, सोने की चार चूड़ी, 5 जोड़ी सोने की बालियां चोरी हुई हैं।



---

# सही समय पर सही प्राथमिक सहायता घायल के लिए रामबाण: कर्मवीर सिंह

- छात्राओं को प्राथमिक उपचार न होम नर्सिंग की विस्तृत जानकारी दी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलानौर

चार दिवसीय प्राथमिक सहायता व होम नर्सिंग का आगाज राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलानौर में पूर्व प्राचार्य एवं रेडक्रास के अधिकृत प्रवक्ता कर्मवीर सिंह द्वारा किया गया। विद्यालय में पहुंचने पर प्राचार्य देवेंद्र कटारिया, रेडक्रॉस की इंचार्ज मधु मल्होत्रा, अलका मदान व विद्यार्थियों ने कर्मवीर सिंह का स्वागत किया। छात्राओं को प्राथमिक उपचार न होम नर्सिंग की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि ये ट्रेनिंग चार दिन यानि 19,20,21,22 दिसंबर को करवाई जाएगी। 23 दिसम्बर को छात्राओं की आनलाइन परीक्षा ली जाएगी। ट्रेनिंग से सम्बंधित 15 प्रश्नो में 10 प्रश्न करने होंगें। इस के लिए प्रत्येक छात्रा को एक रजिस्ट्रेशन नम्बर, आई डी एवम पासवर्ड दिया गया है। छात्राओं को इन प्रयोग करते हुए प्रश्नों को ऑनलाइन हल करना होगा। कुछ बीस अंकों में से दस अंक पास होने के लिए अनिवार्य होंगे। उत्तीर्ण छात्राओं को तुरंत आनलाइन प्रणाम पत्र जारी कर दिए जाएंगे। कर्मवीर से विभिन्न प्रकार से घायलों को उपचार के तरीके बताए। उन्होंने घायलों को अस्पताल तक पहुंचाने के तरीके भी बताए।



अनिल विज को कहा, नाम के गब्बर हो या फिर काम के भी

# कुंडू ने दर्जनभर मुद्दे रखे सदन में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महम के विधायक और हरियाणा जनसेवक पार्टी के संयोजक बलराज कुंडू ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे और अंतिम दिन यमुनानगर और अंबाला जिलों में जहरीली शराब से हुई मौतों पर ध्यानकर्षण करते हुए कहा कि सराकर की मिली भगत से प्रदेश में शराब माफिया बहुत ज्यादा सक्रिय हैं। जहरीली शराब पीने से 22 लोगों की मौत होना इसका परिणाम है। विधायक कुंडू ने गृहमंत्री अनिल विज की ओर इशारे करते हुए कहा कि उनके द्वारा सूचना देने के बावजूद कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई। कुंडू ने महम हल्के का उदाहरण देते हुए कहा कि नशा माफियों के संदर्भ में गृहमंत्री को बताने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। महम में कई लोग नशे के कारण मर गए। उन्होंने कहा कि महम विधानसभा क्षेत्र में नकली शराब के कारण 18 से 25 साल की उम्र के दर्जन भर युवाओं की जान जा चुकी है। विधायक बलराज कुंडू ने गृहमंत्री से कहा कि आप गव्वर कहलाए जाते हैं, लेकिन आपके द्वारा धरातल पर दमदार कार्रवाई अमल में नहीं लायी जाती हैं। बलराज कुंडू ने हरियाणा में बेरोजगारी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि लाखों की संख्या में युवा बेरोजगार हैं। रोजगार नहीं मिलने के कारण युवा नशे की गर्त में जा रहे हैं। पढ़े-लिखे युवा बेरोजगारी के कारण प्रदेश से पलायन करने को मजबूर हैं।



महम के विधायक बलराज कुंडू ।

### महम की जर्जर सड़कों का मुद्दा उठाया

महम से भैणी भैरो, महम से सामण, महम से वाया बलम्भा से कलानौर जाने वाली टूटी हुई सड़कों का मुद्दा विधायक बलराज कुंडू ने सदन में उठाया। बलराज कुंडू ने कहा कि इस मुद्दे को मुख्यमंत्री और पीडब्लूडी मंत्री की कई बार संज्ञान में डालने के बावजूद सड़क निर्माण की मंजूरी प्रदान नहीं गई गई।

## खबर संक्षेप

### ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि शाखा में शिविर आज

**महम।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि की स्थानीय शाखा में 20 दिसंबर को सुबह 9 बजे से शाम चार बजे तक रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। बहन सुमन ने बताया कि उनके इस सेंटर में पहली बार रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है। यह शिविर कस्बा महम के वार्ड 12 में स्थित ब्रह्माकुमारी प्रभु उपहार भवन में लगाया जाएगा।

### क्रांतिकारी राम प्रसाद बिस्मिल को दी श्रद्धांजलि

**रोहतक।** भगवान परशुराम जन कल्याण समिति के आजीवन सदस्यों ने महान क्रांतिकारी भारत के वीर सपूत रामप्रसाद बिस्मिल की पुन्य तिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के उपाध्यक्ष रणधीर भारद्वाज ने बताया कि काकोरी कांड 9 अगस्त 1925 का दिन बहुत महत्पर्ण है, जिसमें ट्रेन में जा रहे सरकारी खजाने को क्रांतिकारी राम प्रसाद बिसमिल के नेतृत्व में छीन कर बिट्रिश सत्ता को बड़ी चुनोती दी गई थी। शहीदों को नमन करने में मुख्य रूप से रणधीर भारद्वाज, मास्टर हरिकिशन, पवन शर्मा, सूबेदार राज शर्मा, सूबेदार गीता राम शर्मा, नवीन मसूदपुर, राजेन्द्र आजायब, शिव नारायण एसडीओ, रविन्द्र शर्मा, अमित शर्मा, हरिओम वशिष्ठ, प्रिंसीपल मनोज शर्मा आदि ने श्रद्धांजलि दी।



### जिला बागवानी अधिकारी ने सब्जी के नमूने लिए

**रोहतक।** जिला बागवानी अधिकारी डॉ. कमल सैनी ने बताया कि मंगलवार को उनके कार्यालय की टीम ने मूली, पालक, मटर, शलगम, पेठा और टमाटर बीज के चौधरी बीज भंडार, आहूजा बीज कंपनी, पंजाब बीज स्टोर और नानक बीज भंडार से नमूने लिए है। डॉ. सैनी ने कहा कि सब्जी बीज के नमूने अभी और भी लिए जाएंगे।

### बच्चे रुचि लेकर करें पढ़ाई : उपायुक्त

**रोहतक।** जिला स्तरीय निरीक्षण कमेटी ने जिला में कार्यरत बाल देखरेख संस्थाओं का दौरा किया। इस दौरान बाल देखरेख संस्थाओं में रह रहे बच्चों से बातचीत की तथा इन संस्थानों द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि इन संस्थाओं में रह रहे बच्चों को रुचिपूर्वक शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। टीम द्वारा जन सेवा संस्था, जगन्नाथ आश्रम का भी दौरा किया गया। डीसी ने दिव्यांग बच्चों को आश्वस्त किया कि जउनकी सभी समस्याओं का समाधान करवाया जाएगा।

# किलोई लूट मामला : एसपी ने घटनास्थल का किया दौरा

## पीड़ित परिवार और ग्रामीणों से की मुलाकात, सीआईए ने खंगाले कैमरे

■ पीड़ित परिवार को आरोपितों की गिरफ्तारी का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





गांव किलोई में परिवार को बंधक बनाकर लाखों लूट की वारदात के बाद मंगलवार को पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग गांव में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने घटनास्थल का दौरा किया। साथ ही परिवार वालों को आश्वासन दिया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक के साथ डीएसपी, एसएचओ, साइबर थाना टीम व सीआईए की टीम मौजूद रही। जिन्होंने घर व आसपास का दौरा करने के बाद साक्ष्य जुटाए। सीआईए ने कैमरे भी खंगाले, इसके अलावा गांव के लोगों से पूछताछ की। वहीं, परिवार वालों का कहना है कि उनके मोबाइल फोन भी खेतों में मिले हैं। इससे पहले सोमवार को ग्रामीण एसपी से मिले थे और लूट के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की थी।

बता दें कि शनिवार 23 दिसंबर को पुलिस को दी शिकायत में सीमा ने बताया ने बताया कि गांव किलोई निवासी जयसिंह और उनकी पत्नी प्रेमो देवी घर पर अकेले रहते हैं। उनका बेटा जयभवान गुरुग्राम के एक अस्पताल और पुत्रवधु सीमा मेवात सरकारी अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मी कार्यरत हैं। सीमा ने बताया कि वो कुछ दिन की छुट्टी पर है। इसलिए गांव में अपने सास-ससुर के पास बेटे तनिष्क के साथ आई हुई थी। शुक्रवार-शनिवार की रात वो और तनिष्क अंदर के कमरे में सो गए थे। वहीं उसके सास-ससुर बाहर वाले कमरे में सोए थे। सीमा के अनुसार रात डेढ़ बजे के करीब बदमाशों ने उनके घर का गेट खुलवाया। उसकी सास प्रेमो ने समझा कि जयभगवान आया है। उसे भी अलसुबह गांव आना था। लेकिन गेट खोलते ही चार नकाब पहने बदमाश अंदर आ गए।

उन्होंने प्रेमो और जयसिंह के साथ मारपीट की। बदमाश घर से कैश और गहने ले गए। सीमा ने बताया कि रात को करीब एक-डेढ़ बजे मारपीट की आवाज सुनकर



वह बाहर आई। तो उसे भी मारपीट करके सास-ससुर वाले कमरे में डाल दिया। आरोपी चेहरे पर कपड़े ढंके हुए थे। उन्हें कमरे में बंद कर दिया। वहीं, बदमाशों ने अंदर अलमारी, संदूक आदि में रखे जेवरात, नगदी लूट ली। पुलिस को दी शिकायत में सीमा ने बताया कि बदमाश 2 सोने की चेन व लॉकेट, सोने की चार कानों की बाली, चार जोड़ी सोने की अंगूठी, एक गले का सेट, 2 सोने के कड़े, एक चांदी की अंगूठी, सास के जेवरात, जिनमें 1 सोने की चेन, 2 जोड़े कानों के, सोने की अंगूठी, 10 चांदी के सिक्के, 5 लाख रुपये कैश, 2 मोबाइल लूटकर ले गए।

### खेतों में पड़े मिले फोन

परिवार के मोबाइल फोन खेतों में पड़े हुए मिले हैं। खेतों में एक युवक था, उन्होंने फोन करके बताया था कि फोन पड़े हैं। जो मोबाइल फोन मिले हैं, उनको पुलिस जांच के लिए लेकर गई है। वहीं एसपी द्वारा गांव में दौरा करने के बाद उम्मीद जताई कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

-प्रेमो, निवासी, गांव किलोई

### उचित कार्रवाई की जाएगी

पुलिस अधीक्षक ने वारदात की सभी जगहों का दौरा किया है। घटनास्थल से साक्ष्य भी जुटाए गए हैं। एसपी ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उम्मीद है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

-जयभगवान, निवासी, गांव किलोई

### आरोपितों को ट्रेस करने का किया जा रहा प्रयास

गांव किलोई में लूट की वारदात के बाद पंचायत मिली थी। परिवार को बंधक बनाकर लूट की गंभीर वारदात थी। आरोपियों को जल्द ही ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। वारदात से संबंधित काफी इनपुट भी मिले हैं। जिले में हो रही चोरी की वारदातों को रोकने व आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस प्रयास कर रही है।

-हिमांशु गर्ग, एसपी, रोहतक

### कैंप में 45 दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य जांचा



**रोहतक।** सेक्टर-3 स्थित पोलीक्लीनिक में आयोजित मेडिकल कैंप में खंड सांपला के 45 दिव्यांग बच्चों की जांच की गई। कैंप का शुभारंभ डाइट प्राचार्य बीरेंद्र मलिक ने किया। इस दौरान मॉडल संस्कृति माध्यमिक विद्यालय सांपला के प्राचार्य संदीप नैन और वाइस प्रिंसिपल सुनील नेहरा के प्रयासों से 50 टी-शर्ट बच्चों को बांटी गई।जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा के जीतेंद खत्री ने बताया कि कैम्प के दौरान सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग छात्र-छात्राओं को डॉक्टर टीम द्वारा चैक किया जाता है। जरूरत मंद दिव्यांग बच्चों को उनकी जरूरत के अनुसार उनको सुविधाएं जैसे मेडिकल सर्टिफिकेट, रेलवे पास, बस पास, ट्राइ साइकिल, व्हील चेयर, सुनने वाली मशीन, बैशाखी व पैरों के जूते आदि सहायक उपकरण प्रदान किए जाते हैं। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सांपला सुमन हुड्डा, खंड शिक्षा अधिकारी रोहतक रंजना दलाल, बीआरसी सांपला जय भगवान, प्रिंसिपल सांपला संतोष कुमारी, अरविन्द खोखर, सहायक जिला परियोजना समन्वयक राजेश मलिक, पिंकी, प्रोमिला आदि मौजूद रही।

### शिविर में 40 लोगों ने किया रक्तदान



**रोहतक।** देश भक्ति स्मारक स्थल अम्बेड़कर चौक पर गुरुदेव प्रेम दास महाराज के आशीर्वाद से रक्त दान शिविर आयोजित किया गया। जिसमे राष्ट्र देवो भव मिशन अध्यक्ष महंत बाबा सुखा शाह महाराज ने बताया कि आज का रक्त दान शिविर समाजसेवी पुनीत बत्रा के जन्म दिवस पर आयोजित किया गया। पुनीत बत्रा का राष्ट्र देवो भव मिशन के सदस्यों की ओर से फूल माला पहनाकर स्वगत किया गया।जिसमें पुनीत ने सबसे पहले अपने जन्म दिवस पर रक्त दान करके रक्त दान शिविर की शुरुवात करवाई। सुनील पुनियानी ने पहली बार रक्त दान किया। पीजीआई बलड़ बैंक द्धारा रक्त दान शिविर में 40रक्त दाताओं ने रक्त दान किया। सभी रक्त दाताओं को बच एव प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सुरेंद्र कवातड़ा, अजय धनकड़, सुषमा कन्हेली, वीरेंद्र सचदेवा, माइकल सिंह , बलदेव मिढ़ा, हरीश शर्मा आदि सभी मौजूद रहे।

### नर्सिंग स्टाफ ने काले बिल्ले लगा दी ड्यूटी



**रोहतक।** पीजीआई की नर्सिंग एसोसिएशन द्वारा 15 दिसंबर से काले बिल्ले लगाकर किए जा रहे विरोध प्रदर्शन के आज पांचवे दिन भी सभी नर्सिंग स्टाफ ने काले बल्ले लगाकर अपना कार्य किया। नर्सिंग एसोसिएशन के प्रधान विकास फौगाट ने बताया कि 21 दिसंबर के अब सिर्फ दो दिन शेष रह गए हैं यदि सरकार ने उनकी मांगे नहीं मानी तो उन्हें कोई ना कोई कड़ा कदम उठाना पड़ेगा। जिससे की आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है, यदि सरकार उनके नर्सिंग अलाउंस को 7200 करने और उन्हें सी ग्रेड से बी ग्रेड श्रेणी में शामिल करने की मांग को नहीं मानती तो 21 दिसंबर को आगामी रणनीति के बारे में सामूहिक रूप से फैसला लिया जाएगा इसके लिए सरकार जिम्मेदार होगी।

## जीवन राम बशेशर स्कूल में मनाया वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



■ मंजू को ‘ टीचर ऑफ द ईयर ‘ और काशवी को स्टूडेंट ऑफ द ईयर के पुरस्कार से सम्मानित किया

जनता कॉलोनी स्थित जीवन राम बशेशर लाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने अपना 23वां वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अध्यक्ष प्रसिद्ध लेखक, साहित्यकार सुशील बंसल, शिक्षाविद डॉ. अनूप बंसल और विशिष्ठ अतिथि राजेश सिंहपुरिया, विद्यालय के ट्रस्टीज प्रेमलता सुरेका, रमेश चंद गुप्ता और स्कूल के चेयरमैन बृजमोहन गर्ग ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। स्कूल के प्रबंध निदेशक अमित महमिया, अमन महमिया, प्राचार्य कृष्ण सिंह खोखर ने सभी अतिथिगणों का स्वागत किया।

बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झड़ी लगा दी। वहीं, मंजू को ‘ टीचर ऑफ द ईयर ‘ और काशवी को स्टूडेंट ऑफ द ईयर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अल्का गर्ग, राधिका, सीमा रानी, रजनी सिंघल, पूजा रानी जिंदल, परसन्नी देवी, संगीता शर्मा को दस साल की सेवा के पश्चात लॉन्ग सर्विस अवॉर्ड से नवाजा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. अनूप बंसल ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और हमें इनके सर्वांगीण विकास के लिए जी-जान लगा देनी चाहिए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजेश सिंहपुरिया ने कहा कि बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ- साथ भारतीय संस्कृति, सभ्यता और संस्कारो की उचित और विस्तृत जानकारी देनी चाहिए ताकि उन्हें भारतीय होने पर गर्व हो सके।

## वेट लिफ्टिंग में राजकीय कॉलेज महम चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



■ दो दिवसीय इंटर कॉलेज वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता मंगलवार को हो गई संपन्न

महर्षि दयानंद विवि में आयोजित करवाई जा रही दो दिवसीय इंटर कॉलेज वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता मंगलवार को संपन्न हो गई। इसका विजेता राजकीय महाविद्यालय महम बना। जबकि दूसरे स्थान पर जीजीडीएसडी पलवल और जाट कॉलेज रोहतक तीसरे स्थान पर रहा। स्पर्धा में आठ कॉलेज ने भाग लिया। समापन पर एमडीयू के खेल निदेशक प्रो. आरपी गर्ग ने विजेताओं को पुरस्कार दिए।

इससे पूर्व 65 किलोग्राम में जीसी हथीन के अंगद प्रथम, डीएवी कॉलेज फरीदाबाद के वंशु दूसरे और इसी कॉलेज के अकीब खान तीसरे स्थान पर रहे। इसी प्रकार 61 में जाट कॉलेज रोहतक के परमजीत प्रथम, जीसी महम के मनोज दूसरे, 67 में जाट कॉलेज रोहतक के सन्नी प्रथम,जीजीडीएसडी पलवल के सौरभ दूसरे, जीसी हथीनके बिलाल तीसरे,73 में जीसी महम के विजय प्रथम, जीजीडीएसडी पलवल के रीतिक दूसरे, संत जिंदा कल्याण कलानौर के सावन तीसरे स्थान पर रहे।81 में जीसी महम के तुषार, वैश्य कॉलेज रोहतक के निक्के दूसरे, जीजीडीएसडी कॉलेज पलवल के राहुल तीसरे,96 किलोग्राम में जीसी महम के जयदीप प्रथम, जीजीडीएसडी पलवल के जिज्ञांसु कटारिया दूसरे और इसी कॉलेज के लनेश राघव तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के समय कोच नरेश हुड्डा, डॉ. संजय जिंदल, मंजीत, मनीष कुमार, नीरज, अरुण, मनोज, ओमबीर मौजूद रहे।

## एमडीयू के छात्रों का दल पूसा के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



कौशल भविष्य के सपनों को उड़ान देगा। बेहतर कॅरियर निर्माण के लिए विद्यार्थी अपने कौशल में अभिवृद्धि करें। यह कहना है कि महर्षि दयानंद विवि के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह का। वीसी मंगलवार को सेंटर फॉर डिसएबिलिटी स्टडीज के 30 विद्यार्थियों के दल को आईएचएम पूसा नई दिल्ली में वैल्यू एडेड कोर्स द ग्रेट इंडियन क्विजीन में भाग लेने के लिए रवाना कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि वैल्यू एडेड कोर्स आधुनिक समय की मांग है, जो विद्यार्थियों के प्रोफाइल को अधिक प्रभावी बनाते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय पाक कला की वैश्विक डिमांड है। इस क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं है, बस जरूरत है कि इस क्षेत्र की मांग के अनुरूप विद्यार्थी अपनी स्किल्स को डेवलप करें। उन्होंने कहा कि इस तरह के वैल्यू एडेड कोर्स विद्यार्थियों के कौशल को निखारते हैं।

### जयपुर व कोलकाता की मैराथन में रोहतक रनर्स ग्रुप के धावकों का जबरदस्त प्रदर्शन



**रोहतक।** 17 दिसंबर को जयपुर और कोलकाता में हुई मैराथन में रोहतक रनर्स ग्रुप के धावकों ने जबरदस्त प्रदर्शन करके पदक जीते। बीएसएनएल के सहायक महाप्रबंधक अरविन्द पाल दहिया ने जयपुर में हुईं पिंक सिटी हाफ मैराथन में 1 घंटे 48 मिनट 13 सेकंड में 21.1 किलोमीटर दौड़ पूरी करके अपने आयु वर्ग में दूसरा स्थान प्राप्त किया। जयपुर हॉफ मैराथन में करीब 12 हजार धावकों ने हिस्सा लिया। पैराओलिंपियन पद्मभूषण देवेंद्र झजरिया ब्रांड एंबेसडर थे। कोलकाता 25 किलोमीटर मैराथन में बनवाला दंपति ने अपना ट्रैक रिकॉर्ड बरकरार रखा। बिमला अहलावत बनवाला (02:20:55) ने अपने आयु वर्ग में अपनी पारंपरिक वेशभूषा सलवार कमीज में दौड़ते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया और चंद्रपाल बनवाला(01:54:05) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इनके अलावा गौरव हुड्डा, अशोक राणा, रविन्द्र दहिया, संजय मलिक, नरेंद्र राम, पवन डागर, सुषमा गुप्ता,सुरभि और रामबीर सिंह का प्रदर्शन भी बेहतरीन रहा।



### जैन पब्लिक स्कूल में इंटर क्लास वॉलीबाल प्रतियोगिता, 11वीं के लड़कों की टीम जीती

**रोहतक।** माता दरवाजा स्थित जैन पब्लिक स्कूल में 9वीं और ग्यारहवीं कक्षा के लड़के व लड़कियों का इंटर क्लास वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। खेल इंचार्ज डॉ. जनक राज ने बताया कि लड़कों के शानदार वॉलीबॉल मुकाबले में नौवीं कक्षा ने 11वीं कक्षा को कड़ी टक्कर देते हुए रोमांचक मैच 19 पॉइंट लेते हुए सिर्फ दो पॉइंट से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही लड़कियों में वॉलीबॉल मैच में ग्यारहवीं कक्षा ने नौवीं कक्षा को 21-9 के अंतर से हराया। प्राचार्या आशा छाबड़ा ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों में भाग लेने से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास सही होता है, इसके अलावा उन्होंने कहा कि सेहत मजबूत रहती है और शारीरिक बीमारियों से बचाव होता है, इसीलिए सभी विद्यार्थियों को खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल आशा छाबड़ा, खेल इंचार्ज डॉ. जनक राज, समस्त स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## यात्रा की वैन एक ने ब्राह्मणवास व बसंतपुर में कार्यक्रम प्रस्तुत किए

# विकसित संकल्प यात्रा से वंचितों को मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा लाभपात्रों के लिए वरदान साबित हो रही है। इन कार्यक्रमों में अब तक योजनाओं के लाभ से वंचित रहे पात्र व्यक्तियों को मौके पर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। लाभार्थी इन कार्यक्रमों में मेरी कहानी-मेरी जुबानी के तहत अपने अनुभव भी सांझा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार को यात्रा की वैन एक ने ब्राह्मणवास व बसंतपुर, वैन दो ने आंवल व बसाना तथा वैन तीन ने शहरी क्षेत्र गांधी नगर में कार्यक्रम प्रस्तुत किए। रोहतक शहर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 39 हजार 159 लाभार्थी है, जिनमें से 20228 वृद्धावस्था पेंशन, 2517 दिव्यांग, 13229 विधवा पेंशन, 2442 निराश्रित बच्चों को वित्तीय सहायता, 649 लाडली पेंशन व 94 स्कूल न जाने वाले दिव्यांग बच्चों को वित्तीय सहायता के लाभार्थी शामिल है। शहर में परिवार पहचान पत्र के माध्यम से अब तक 1373 पेंशन स्वतः बनी है। शहर में आयुष्मान व चिरायु हरियाणा के 72071 लाभार्थी है। अब तक इनमें से 2833 लाभार्थियों ने 10 करोड़ 63 लाख रुपये की धनराशि का इलाज करवाया है। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के शहर में 2897 चिन्हित परिवारों को अंत्योदय मेलों में आमंत्रित किया गया, जिनमें से 410 के ऋण स्वीकृत किये गए है तथा 79 लाभार्थियों को ऋण वितरित किये जा चुके है।

### 100 ने आयुष्मान योजना का उठाया लाभ

आंवल में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 689 लाभार्थी है, जिनमें से 390 बुढ़ापा पेंशन, 47 दिव्यांग, 195 विधवा पेंशन, 42 निराश्रित बच्चों को वित्तीय सहायता, 14 लाडली पेंशन व स्कूल न जाने वाले एक दिव्यांग बच्चे को वित्तीय सहायता के लाभार्थी शामिल है। गांव में पीपीपी अब तक 61 पेंशन स्वतः बनी है। शहर में आयुष्मान व चिरायु हरियाणा के 2249 लाभार्थी है। अब तक इनमें से 110 लाभार्थियों ने 30 लाख 60 हजार रुपये की धनराशि का इलाज करवाया है। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के गांव आंवल में 133 चिन्हित परिवारों को अंत्योदय मेलों में आमंत्रित किया गया, जिनमें से 25 के ऋण स्वीकृत किये गए है तथा 11 लाभार्थियों को ऋण वितरित किये जा चुके है। डीसी ने बताया कि ब्राह्मणवास में 194 वृद्धावस्था पेंशन पीपीपी के जरिये बनी है।

### बसाना में आयुष्मान व चिरायु हरियाणा के 1589 लाभार्थी

बसाना में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 489 लाभार्थी है, जिनमें से 267 वृद्धावस्था पेंशन, 35 दिव्यांग, 153 विधवा पेंशन, 26 निराश्रित बच्चों को वित्तीय सहायता, 7 लाडली पेंशन व स्कूल न जाने वाले दिव्यांग बच्चे को वित्तीय सहायता के लाभार्थी शामिल है। गांव में पीपीपी के माध्यम से अब तक 40 पेंशन स्वतः बनी है। आयुष्मान व चिरायु हरियाणा के 1589 लाभार्थी है। अब तक इनमें से 53 लाभार्थियों ने 13 लाख 72 हजार रुपये की धनराशि का इलाज करवाया है। डीसी ने बताया कि बसंतपुर में पेंशन के 252 लाभार्थी है, जिनमें से 137 वृद्धावस्था पेंशन, 25 दिव्यांग, 71 विधवा पेंशन, 16 निराश्रित बच्चों को वित्तीय सहायता, 3 लाडली पेंशन के लाभार्थी शामिल है।